## आज का विचार

किसी भी विषय पर विवाद अथवा सहमति की गुंजाइश समाप्त होने के बाद ही अदालत से अपेक्षा की जाती है कि वह न्याय करके सभी पक्षों को संतुष्ट करें। *शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता)*

दैनिक लोकजीवन

### राम मंदिर मुद्दा ...

आम जनता भी महसूस करती है कि चुनाव हो और राम मंदिर का मुद्दा न उठे यह नहीं हो सकता क्योंकि जहां भाजपा अपने कठिन दौर में राम मंदिर मुद्दे को ही तारणहार मानकर चलती है तो कमोबेश कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां भी राम मंदिर मुद्दे को उछाल कर वोटों का ध्रुवीकरण करने में पीछे नहीं रहती, फिर इस बार तो कांग्रेस भी हिन्दु वोटों को अपने पक्ष में करने के लिए पीछे नहीं है और जानकारी में आया कि कांग्रेस ने बाकायदा राम नाम अंकित स्वर्ण ईट संतों को भेंट करने की योजना बनाई ताकि वह यह विश्वास दिला सकें कि कांग्रेस भी मंदिर निर्माण के मुद्दे पर सहयोग करने में पीछे नहीं रहने वाली, तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व बसपा प्रमुख मायावती केन्द्र सरकार द्वारा अविवादित भूमि वापस लौटने की याचिका पर आक्रामक रूख अपनाते हुए कह रहे है चुनावी लाभ के लिए किसी भी तरीके से भाजपा मंदिर मुद्दा लेकर आ जाती है ताकि साम्प्रदायिक माहौल तैयार कर वोटों को प्रभावित किया जा सके। राजग की सहयोगी शिव सेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे पिछले अर्से से राम मंदिर मुद्दे को लेकर भाजपा पर हमलावर हो रहे है मानो मुद्दा असल में भाजपा का न होकर शिव सेना का हो। निसंदेह तीन राज्यों में मिली पराजय और अन्य संगठनों के दबाव के चलते ही केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही सरकार इस मुद्दे पर कदम उठायेगी।

लगता है सहयोगी संगठनों एवं संत समाज में धैर्य की गुंजाइश नहीं रही बल्कि वे तो इतने उतावले हो रहे है कि मंदिर निर्माण की तिथि की घोषणा भी कर दी, प्रयागराज में संतों की धर्म संसद में ऐलान किया गया कि अगले महीने संत प्रयाग से अयोध्या के लिए कूच करेंगे, परम धर्म संसद की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मंदिर निर्माण के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की गई है कोर्ट के रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह खेद का विषय है कि कुते तक को तत्काल न्याय दिलाने वाले राम के देश में रामजन्म भूमि के मुकदमे को न्याय नहीं मिल रहा है धर्म संसद की अगुवाई करने वाले शंकराचार्य स्वरूपा नंद सरस्वती द्वारा जारी बयान ने कहा कि हम संविधान अवज्ञा आंदोलन के इस पहले चरण में हिन्दुओं की मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए 21 फरवरी 2019 की तारीख तय की है अगर हमें गोली भी खानी पड़े या जेल जाना पड़े तो हम प्रस्तुत है यह भी कहा गया कि अगर इस काम में बाधा आई तो यह आंदोलन तक तक चलेगा जब तक हम मंदिर निर्माण नहीं कर लेते। आज आवश्यकता इस बात की है कि न्याय पालिका का सम्मान करते हुए फैसले की प्रतिक्षा करें तभी समुचित राह निकलेगी।

## कड़वी घूंट -सूरज

### तो भगवान ही बचायेगा...

जहां व्यक्ति की पहुंच समाप्त होती है वहीं से भगवान की जरूरत महसूस होने लगती है सामान्यतः आदमी यहीं मानकर चलता है कि जो कुछ कर रहा है वहीं कर रहा है यदि वह नहीं हो तो शायद सारा कामकाज ही ठप्प हो जाय दूसरें अर्थों से उसे यह गलत फहमी बनी रहती है कि वहीं कर्ता धर्ता है उसकी योग्यता व कुशलता की वजह से ही हर काम में सफलता मिल रही है वैसे भी लोग तभी तक यश के हकदार बनते है जब तक सफलता मिल रही है।

विपरित इसके विफलता अथवा अपयश की स्थिति में जिम्मेदारी किसी पर नहीं डाल पाये तो आखिर में भगवान तो है ही जिनकी खुशी और नाराजगी परिणामों को प्रभावित करती है करते है कानून के हाथ लम्बे होते है जिसकी जड़ से कोई बच नहीं सकता, यह जानते हुए भी लोग कानून से खिलवाड़ करने से नहीं चूकते हैं।

हां बड़े और कानून के जानकार लोग ही कानून से खिलवाड़ करते है क्योंकि वे हर दृष्टि से सक्षम होते है यहीं कारण है कि पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम के बेटे कीर्ति चिदम्बरम को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने उन्हें कानून से खिलवाड़ नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा किया तो भगवान ही आपको बचा सकता है अब यह आप जानो कि अदालत को भी अहसास है कि अदालती आदेश की अवहेलना हो सकती है इसीलिए तो सिक्यूरिटी राशि भी दस करोड़ जमा करवाये जायेंगे।

# बेरोजगारी की लड़ाई में कूदा नीति आयोग, कहा- फाइनल नहीं है डाटा

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली

बिजनेस स्टैंडर्ड ने गुरुवार को सरकार राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएसओ) के सर्वे के आधार पर बताया था कि देश में बेरोजगारी की दर 45 सालों में 2017-18 के दौरान सबसे ज्यादा 6.1 प्रतिशत बढ़ी है। विपक्ष लगातार सरकार पर नौकरियां पैदा करने में असफल रहने का आरोप लगाता रहा है। अब इस लड़ाई में नीति आयोग, सरकार का थिंक टैंक भी कूद गया है। उसका दावा है कि यह ड्राफ्ट रिपोर्ट है फाइनल नहीं।

यह रिपोर्ट ऐसे समय पर सामने आई है जब राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के दो सदस्यों ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि सरकार ने उन्हें दरकिनार कर दिया है। ऐसे भी आरोप लगे हैं कि एनएसएसओ संगठन द्वारा दिसंबर में फाइनल की गई नौकरी रिपोर्ट को जारी नहीं कर रही है। जिसमें दिखाया गया है कि नोटबंदी के बाद से रोजगार में कमी आई है।नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा, यह एक ड्राफ्ट रिपोर्ट है और उद्धत किए गए आंकड़ों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है या सरकार द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है। इसलिए इस डाटा का इस्तेमाल करना सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार फाइनल रिपोर्ट को मार्च में जारी करेगा जब डाटा इकट्ठा कर लिया जाएगा। इसे तिमाही-दर-तिमाही की तुलना के आधार पर जारी किया जाएगा।

एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक 2017-18 में देश में बेरोजगारी की दर पिछले 45 साल में सबसे ज्यादा 6.1 फीसदी रही। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में इसके आंकड़े पेश किए गए हैं। हालांकि, सरकार ने अभी रिपोर्ट आधिकारिक रूप से जारी नहीं की है। राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग से मंजूरी के बाद भी रिपोर्ट जारी नहीं करने के चलते सोमवार को आयोग के दो सदस्यों ने इस्तीफा भी दे दिया था। आंकड़े सामने आने के बाद कांग्रेस समेत विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है। नवंबर, 2016 में नोटबंदी की घोषणा के बाद यह देश में रोजगार की स्थिति पर आई पहली सर्वे रिपोर्ट है। जुलाई, 2017 से जून, 2018 के बीच जुटाए आंकड़ों के हवाले से बताया गया है कि इससे पहले इतनी बेरोजगारी 1972-73 में थी। 2011-12 में बेरोजगारी दर 2.2 फीसदी तक पहुंच गई थी। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर 5.3 फीसदी, जबकि शहरी क्षेत्र में 7.8 फीसदी रही। इस दौरान श्रम बल की भागीदारी दर (नौकरी चाहने वालों की संख्या) भी घटी है। 2011-12 में यह 39.9 फीसदी थी, जबकि 2017-18 में 36.9 फीसदी रह गई।

**बेरोजगारी के आंकड़े (सभी आंकड़े 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग के)**

| | |
|---|---|
| **ग्रामीण युवा** | |
| 2011-12 | 05 फीसदी |
| 2017-18 | 17.4 फीसदी |
| **ग्रामीण महिला** | |
| 2011-12 | 4.8 फीसदी |
| 2017-18 | 13.6 फीसदी |
| **शहरी युवा** | |
| 2011-12 | 8.8 फीसदी |
| 2017-18 | 18.7 फीसदी |
| **शहरी महिला** | |
| 2011-12 | 14.9 फीसदी |
| 2017-18 | 27.2 फीसदी |

## स्लोगन प्रतियोगिता होगी आयोजित

**भीलवाड़ा।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में प्रत्येक दिन 360 से अधिक व्यक्तियों की अकाल मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हो रही है अर्थात प्रत्यैक 4 मिनिट में एक आदमी की मौत हो रही हैं! इसमें कमी लाने के लिए स्वर्गीय रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान के तत्वावधान में सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए बेस्ट स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है! यह जानकारी देते हुए रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान भीलवाड़ा के निदेशक अनिल सोडाणी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कोई भी व्यक्ति अपना स्वरचित स्लोगन अधिकतम 20 शब्दों में लिख कर भेज सकते हैं। प्राप्त स्लोगन में से श्रेष्ठ 50 स्लोगन का चयन करके उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा साथ ही परिवहन मंत्रालय भारत सरकार को भी वह स्लोगन प्रचार प्रसार हेतु भेजें जाएंगे । स्व. रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान भीलवाड़ा के द्वारा पिछले 7 वर्षों से सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विषयों पर विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं, वैचारिक वार्ताएं, आयोजित की जा रही हैं तथा राजस्थान सरकार जिला परिवहन विभाग द्वारा अब तक तीन बार स्वर्गीय रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान को सम्मानित किया जा चुका है।

## राहत: आज से सब्सिडी वाला गैस सिलेंडर सस्ता, गैर सब्सिडी वाली गैस के दाम भी घटे

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली

सरकार ने बृहस्पतिवार को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में कटौती की घोषणा की। लगातार तीसरे महीने में पहली तारीख को दामों में की गई इस कटौती के बाद अब सब्सिडी वाला गैस सिलेंडर करीब 1.46 रुपये सस्ता मिलेगा, जबकि बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर के दामों में करीब 30 रुपये की कमी की गई है। इससे पहले एक दिसंबर को एलपीजी सिलेंडर के दामों में 6.52 रुपये और 1 जनवरी को 5.91 रुपये की कटौती की गई थी। इसी तरह बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर के दामों में भी 1 दिसंबर को 133 रुपये और 1 जनवरी को 120.50 रुपये की कटौती की गई थी।देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के मुताबिक, भारतीय रुपये की विनिमय दर में मजबूती आने के कारण की गई है।

**यह होंगे गैस के अब दाम**

494.99 रुपये थे बृहस्पतिवार सुबह 14.2 किग्रा सिलेंडर के दिल्ली में दाम

493.53 रुपये हो गए कटौती के बाद शु वार सुबह से राजधानी में दाम

689 रुपये थे बृहस्पतिवार को गैर सब्सिडी वाले सिलेंडर के दिल्ली में दाम

659 रुपये में मिलेगा शु वार सुबह से गैर सब्सिडी वाला 14.2 किग्रा का सिलेंडर

घटेगी बैंक खाते में आने वाली सब्सिडी

165.47 रुपये प्रति सिलेंडर के हिसाब से सब्सिडी मिलेगी फरवरी माह में बैंक खाते में

194.01 रुपये प्रति सिलेंडर के हिसाब से सब्सिडी मिली थी जनवरी महीने में खाते में

433.66 रुपये नवंबर में और 308.60 रुपये दिसंबर में सब्सिडी के तौर पर मिले थे

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 3 से

**भीलवाड़ा।** नशा मुक्ति युवा भारत आंदोलन एवं सरदार स्पोर्टस अकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 3 फरवरी रविवार से सुवाणा ब्लॉक के दांथल में आयोजित होगा। इस आयोजन का शुभारंभ भारतीय सेना के सैनिक के माता-पिता द्वारा किया जायेगा। नशा मुक्त युवा भारत आंदोलन के संयोजक नारायण लाल भदाला ने बताया कि इस महाआयोजन का का मुख्य कारण युवाओं में फैल रहे नक्शे की प्रवृत्ति को कम करना एवं जनजागृति लाना है। अतः इस प्रतियोगिता में नशा छोड़ने का संकल्प लेने वाले/नशा नहीं करने वालें युवाओं को ही सम्मिलित किया जायेगा। इस आयोजन में सुवाणा ब्लॉक से 34 टीमें भाग लेगी। प्रथम आने वाले टीम का चयन जिला स्तर पर किया जायेगा। जिला स्तर पर प्रथम आने वाले टीम को 1 लाख रूपयें नकद पुरूस्कार दिया जायेगा। द्वितीय आने वाले टीम को 50 हजार रूपयें नकद पुरूस्कार दिये जायेगें।

## कलश यात्रा व भजन संध्या 9 को

**भीलवाड़ा।** चारभुजा शिवलिंग 71वां स्थापना महोत्सव मनाया जाएगा। स्थापना महोत्सव मनाया जाएगा। शाहपुरा संसद पंच कोली समाज द्वारा कोली मोहल्ला स्थित चारभुजा शिवलिंग के बसंत बसंत पंचमी 9 एवं 10 फरवरी कलश यात्रा भजन संध्या यज्ञ हवन के साथ अभिषेक करने के साथ मनाया जाएगा। चारभुजा शिवलिंग शाहपुरा पंचो द्वारा बसन्त पँचमी 1948 को स्थापना की गई थी। शाहपुरा कोली समाज के भीलवाड़ा कोली समाज अध्यक्ष एवं मोत बिरान को समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया समाज अध्यक्ष बालुलाल बछापरिया ने बताया कि इस अवसर पर शाहपुरा से रामप्रताप तलाया रामकिशन बोथेडिया सोहन लाल गेंडामार जसवंत बबलू आदि युवा साथी प्रतिवेदन प्रतिनिधिमंडल के रूप के रूप में निमंत्रण पत्र दिया इस अवसर पर भीलवाड़ा से फतेह लाल जमना लाल पन्नालाल कुंदनमल शंकरलाल रामस्वरूप चुन्नीलाल आदि युवा उपस्थित थे।

## अभाविप की चित्तौड़ प्रांत बैठक कल

**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्तौड़ प्रांत की प्रांत बैठक 2 फरवरी से शाहपुरा में आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि चित्तौड़ प्रांत कि पहली प्रांत बैठक 2 फरवरी से आदर्श विद्या मंदिर ,शाहपुरा में आयोजित होगी। बैठक प्रातः 2 फरवरी से प्रारंभ होकर 3 फरवरी सांय तक चलेगी। बैठक में प्रांत की नवीन कार्यकारिणी के सदस्य भाग लेंगे। प्रांत बैठक के चलते व्यवस्था प्रमुख बलराम धाकड़, सह व्यवस्था प्रमुख विजयपाल सिंह राठौड़ और यातायात प्रमुख अवधेश काबरा को बनाया गया है।

BHIMSARIYA

**रंजन पॉलीस्टर्स लिमिटेड**

कॉरपोरेट आइडेंटिटीनम्बर (सीआईएन) : L24302RJ1990PLC005560
पंजीकृत कार्यालय : 11-12.. की.मी. स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड़, गुवारड़ी, भीलवाड़ा-311001 (राजस्थान), इंडिया फोन : 01482-320925, 26, 27, 249095, ई-मेल rajanpoly@gmail.com
वेबसाइट : www.ranjanpolysters.com

**सूचना**

सूचना सेबी (सूचियन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन 29 एवं 47 के अनुपालना में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 13 फरवरी, 2019 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 11-12TH कि.मी. स्टोन, चित्तौड़गढ़, गुवारड़ी, भीलवाड़ा - 311001, (राजस्थान) में शाम 4 बजे, 31 दिसम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही एवं नौ महिनों के वित्तीय परिणामों की अनुशंषा पर विचार अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी। निवेशक कंपनी की वेबसाइट (www.rajanpolysters.com) पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते हैं।

बोर्ड की आज्ञानुसार
रंजन पॉलीस्टर्स लिमिटेड के द्वारा
(चित्रा नराणीवाल)
कंपनी सचिव

दिनांक : 01.02.2019
स्थान : भीलवाड़ा